>

Title: The Speaker emphasized the need to maintain the dignity of the house.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, हम सभी का यही प्रयास होना चाहिए कि हम इस संसद की मर्यादा को बनाए रखें । मैं पूरे सदन से व्यक्तिगत रूप से भी आग्रह करूंगा कि जो वरिष्ठ सदस्य हैं, वे इसमें हस्तक्षेप करें और सदन की गरिमा को बनाए रखें । आज इस सदन में जो कुछ भी हुआ है, मैं उससे आज व्यक्तिगत रूप से बहुत दुखी हूं । आप दुखी नहीं होंगे, लेकिन मैं व्यक्तिगत रूप से दुखी हूं ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं ऐसी किसी भी परिस्थिति में सदन संचालित नहीं करना चाहता हूं । अगर आप सब लोग मिलकर संसद की परंपरा, नियम के अनुसार, क्योंकि सदन सभी का है, सब मिलकर आपस में सहमति कर लें, विचार-विमर्श कर लें, हमेशा के लिए सदन की मर्यादा बन जाए, ताकि हम पूरे देश में उस मर्यादा से एक दिशा दे सकें और भारत के लोकतंत्र को मजबूत कर सकें । मैं यह चाहूंगा कि जब सदन ठीक से चले और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए चले, तभी सदन को चलाना चाहिए ।

सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 3 मार्च, 2020 को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

16.32 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, March 3, 2020/Phalguna, 13 1941(Saka).

---

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.